चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः कमेटी सैल/प्रोफे0 कोर्स/ 4296
दिनांकः 12.03.2020

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालयों में संचालित एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) सत्र 2019–20 में काउन्सिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्र/छात्राओं की मुख्य परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑन लाईन (On Line) भरे जायेंगे। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी:–

फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर M.Phil. (Physical Education) Exam. Form पर Click करें।
2. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
3. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
4. फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपना अनुक्रमांक छात्र को अवश्य अंकित करना चाहिए।
5. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ? क्योंकि जिस पाठ्यक्रम एवं भाग के लिए परीक्षा फार्म भरा गया है, उसकी न्यूनतम योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न होना आवश्यक है।
6. महाविद्यालय/संस्थान से प्राप्त हुए परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–

1.	विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	14.03.2020
2.	अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	19.03.2020
3.	भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि	20.03.2020
5.	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि	22.03.2020

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

12/03/2020

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, को उपरोक्तानुसार परीक्षा फार्म भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
2. प्रतिकुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. आशुलिपिक वित्त नियन्त्रक को वित्त नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
5. आशुलिपिक परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
6. उपकुलसचिव कुलसचिव (परीक्षा)।
7. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रभारी (सामान्य / भण्डार)
11. आशुलिपिक कुलसचिव
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
13. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम।
14. प्रभारी, वेबसाइट / कम्प्यूटर केन्द्र
15. विश्वविद्यालय सूचना पट।

12/03/2020

परीक्षा नियंत्रक